# कार्यालय अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला-जशपुर (छ0ग0)

क्रमांक/रेडक्रॉस/ 40 /2026-27 जशपुर, दिनांक 21/09/2026

## //वॉक इन इंटरव्यू सूचना//

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के पत्र क्रमांक/इंरेसो/CSR/2026/113 रायपुर, दिनांक 06.07.2026 के तहत् भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मोबाईल मेडिकल यूनिट हेतु दर्शित रिक्त पदों पर वॉक इन इंटरव्यू हेतु आमंत्रित किया जाता है

| क्र | पदनाम | भर्ती हेतु पदों की संख्या | वेतनमान | शैक्षणिक योग्यता | आयु | वॉक इन इंटरव्यू दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | चिकित्सा अधिकारी | 04 | 80000/- | MBBS | 18 से 70 वर्ष | 29.09.2026 |
| 02 | स्टॉफ नर्स | 04 | 25000/- | BSC Nursing or GNM course Passed and Live Ragistration in CG Nursing Counsil | 18 से 64 वर्ष | 02.10.2026 |
| 03 | फॉर्मासिस्ट सह प्रशासनिक कर्मचारी | 04 | 18000/- | BACHELOR OF PHARMACY/DIPLOMA IN PHARMACY and Live Ragistration in CG Paramedical Council | 18 से 64 वर्ष | 30.09.2026 |
| 04 | वहन चालक सह सपोर्ट स्टाफ | 04 | 18000/- | 8th passed and Live Heavy Vehicle License | 18 से 45 वर्ष | 01.10.2026 |

वॉक-इन प्रक्रिया के निम्नानुसार चरण होंगे

<table>
<tr><th>क्र</th><th>निर्धारित समय</th><th>वॉक-इन प्रक्रिया के चरण</th><th>वॉक इन इंटरव्यू स्थान</th></tr>
<tr><td>1</td><td>प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक</td><td>अभ्यर्थियों का आवेदन जमा</td><td rowspan="3">स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उ.मा.वि जशपुर नगर, जिला-जशपुर (छ0ग0)</td></tr>
<tr><td>2</td><td>दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक</td><td>प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी एवं मेरिट सूची प्रकाशन</td></tr>
<tr><td>3</td><td>04 बजे से</td><td>साक्षात्कार/लिखित/कौशल परीक्षा</td></tr>
</table>

- आवेदन शुल्कः- आवेदन हेतु निर्धारित 300/-रू राष्ट्रीयकृत बैंक से Secretary Indian Redcross Society Jashpur के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि जशपुर में देय बना कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, बिना आवेदन शुल्क/डिमाड ड्राफ्ट के आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे।
- प्रक्रियाः- अभ्यर्थियों का दस्तावेज अवलोकन उपरांत मेरिट सूची जारी की जावेगी जिसमें पद क्रमांक 01 से 03 के लिए शैक्षणिक योग्यता का 80 प्रतिशत, अनुभव के प्रतिवर्ष 02 अंक के अनुसार अधिकतम 10 अंक एवं साक्षात्कार/लिखित/कौशल परीक्षा का 10 अंक एवं पद क्रमांक 04 पर चयन पूर्ण रूप से अनुभव के आधार पर होगा जिसमें प्रतिवर्ष 10 अंक के हिसाब से अधिकतम 100 अंक का गणना होगा।

1. अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय (केन्द्रीय अथवा राज्य शासन का उपक्रम) संस्था/उपक्रम/निगम मंडल/पंजीकृत कम्पनी के विभाग प्रमुख के हस्ताक्षर वाले अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय का नियुक्ति आदेश पत्र एवं प्रथम तीन माह का वेतन पर्ची संलग्न करना अनिवार्य होगा, नियुक्ति आदेश संलग्न नहीं होने की स्थिति में अनुभव को अमान्य किया जावेगा।
2. अभ्यर्थी की संख्या अधिक होने पर प्रत्येक पद के रिक्त पदों के 05 गुना अभ्यर्थी का साक्षात्कार/लिखित/कौशल परीक्षा ली जावेगी।

- आवेदन संबंधी शर्तें एवं अन्य दिशा निर्देशः-
  1. उक्त वॉक इन इंटरव्यू की सूचना से संबंधित जानकारी जिले की वेबसाईट jashpur.nic.in मे प्रकाशित की जावेगी तथा इसके संबंध में पत्र के माध्यम से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। अतः वेबसाईट के निरंतर अवलोकन करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
  2. अभ्यर्थी को छ0ग0 का मूल निवासी होना अनिवार्य है। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

3. प्रत्येक आवेदकों को चाहिये की वॉक इन इंटरव्यू की सूचना में दिये गये दिशा निर्देशों में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें यदि कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उक्त अपूर्णता के आधार पर आवेदन को बिना पूर्व सूचना दिये निरस्त किया जा सकेगा।
4. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वंय का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वंय के द्वारा सत्यापित कर चिपकाना होगा।
5. उपरोक्त पद पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, मान्यता संस्था/विश्व विद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, एवं चिकित्सकीय पदों हेतु मेडिकल कांउसिल द्वारा पंजीयन जीवित प्रमाण पत्र, वाहन चालक हेतु हैवी व्हीकल ड्राईविंग लाईसेंस प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति स्वयं सत्यापित कर एवं आवेदन शुल्क की की डी.डी संलग्न करें। उपरोक्त दस्तावेज संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा।
6. यह नियुक्ति 01 वर्ष के लिए वैध होगा । प्रत्येक वर्ष अधिकारी/कर्मचारी के वार्षिक कार्य का मूल्यांकन कर अनुशंसा के आधार पर सेवा की निरंतरता का निर्धारण किया जावेगा एवं कार्य अंसतोषप्रद पाये जाने की स्थिति में तत्काल पद से विमुक्त किया जावेगा एवं यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी।
7. प्रतीक्षा सूची– मेरिट सूची अगले विज्ञापन तक के लिए वैध होगी। निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने/त्यागपत्र देने अथवा किसी भी कारण से पद रिक्त होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।
8. चयनित अभ्यर्थी की सेवा संतोषजनक नहीं होने के की स्थिति में किसी भी समय अस्थाई नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। चयनित अभ्यर्थी को त्यागपत्र देने से 01 माह पूर्व सूचना देना अथवा 01 माह के मानदेय समतुल्य राशि जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
9. जन्म तिथि के सत्यापन हेतु 10 वीं की अंकसूची ही मान्य होगी। पद क्रमांक 04 वाहन चालक के पद हेतु 8वीं की अंकसूची मान्य होगी।
10. सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार का मानदेय प्रदाय नहीं किया जावेगा।
11. अभ्यर्थी वॉक–इन पद्धति के समस्त चरणों में उपस्थित रहें। वॉक–इन पद्धति में किसी भी चरण में अनुपस्थित पाये जाने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी स्वतः समाप्त कर दी जावेगी, जिसके संबंध में कोई सूचना प्रदाय नहीं की जावेगी।
12. आवेदक को वॉक–इन इंटरव्यू में उपस्थित होने के लिए विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
13. आवेदन मात्र करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी एवं नियुक्ति आदेश जारी होने पर ही नियुक्ति मान्य की जावेगी।
14. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र केवल मान्यता प्राप्त पंजीकृत संस्थाओं का ही मान्य होगा।
15. वॉक इन इंटरव्यू की सूचना में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के क्रम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। यदि 02 या 02 से अधिक आवेदकों के कुल प्राप्तांक समान हो तो उनके चयन के प्राथमिकता का क्रम निम्नानुसार होगाः–
    I. आयु (अधिक आयु वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)
    II. अनुभव (अधिक अनुभव वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)
16. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ताकर्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा।
17. किसी भी विवाद पर अंतिम निर्णय लेने का सर्व अधिकार गठित चयन समिति को होगा।
18. वॉक इन इंटरव्यू की सूचना में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर पर सुधारी जा सकती है। ऐसी त्रुटि से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
19. भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों को उनके योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार चयन समिति को होगा।
20. निर्धारित तिथि/समय पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
21. आपराधिक प्रवृत्ति एवं कदाचार व अनैतिक कार्य में लिप्त पाये गये आवेदक द्वारा आवेदन करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)

सचिव
भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी
जिला जशपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| | |
|---|---|
| आवेदित पद का नाम | ............................................ |
| वॉक इन इंटरव्यू की सूचना अनुसार पद क्रमांक | ............................................ |

स्व हस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

उक्त खण्ड ना भरे जाने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

प्रति,

सचिव
भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी
जिला जशपुर, छ.ग.

1. आवेदक का नाम ( हिन्दी में) :..............................................................................
2. (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :..............................................................................
3. पिता/पति का नाम :..............................................................................
4. माता का नाम :..............................................................................
5. (अ) जन्म तिथि (अंको में) : वर्ष .................... माह.......................... दिन.....................

   (ब) आयु 01.01.2026 की स्थिति में : वर्ष .................... माह.......................... दिन.....................
6. लिंग ( पुरुष/ महिला/ अन्य) :..............................................................
7. छ.ग. का स्थानीय निवासी है या नहीं :..............................................................

   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. स्थायी निवास का पता :..............................................................................

   :..............................................................................

   :..............................................................................

   वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :..............................................................................

   :..............................................................................

   :..............................................................................

   मोबाईल/दूरभाष नं ......................................................

   ई मेल आई.डी..............................................................
9. यदि आप शासकीय/अर्द्धशासकीय कर्मचारी तथा छ.ग. राज्य/निगम/मण्डल के स्थायी/अस्थायी कर्मचारी हैं। (यदि हाँ को अनुभव का विवरण लिख):..............................................................

   (तथा अपने विभागाध्यक्ष का एन.ओ.सी. संलग्न करें):..............................................................
10. पद क्र 01 से 03 हेतु छ.ग. मेडिकल काउंसिल का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक:.......................

    ..............................................................................
11. पद क्र 04 हेतु जीवित हैव्ही ड्राईविंग लाईसेंस का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक:.........................

    ..............................................................................
12. आवेदन शुल्क –

    (आवेदन शुल्क 300/–रू राष्ट्रीयकृत बैंक से Secretary Indian Redcross Society Jashpur के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि जशपुर में देय होगा, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. बैंक ड्राफ्ट का विवरण :– डी.डी. क्रमांक .................................. राशि ....................

    बैंक का नाम .................................. दिनांक..................

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

14. शैक्षणिक योग्यता :– (वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावे)

| क्र | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों का पूर्णांक | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या ................ (निम्नांकित क्रम में संलग्न करें)

1. बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति
2. आठवीं / दसवीं / बारहवीं की अंकसूची
3. शैक्षणिक योग्गता की अंकसूची (सभी वर्षो का)
4. पहचान पत्र (आधार / वोटर आईडी / पेन कार्ड एवं अन्य)
5. अनुभव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र
6. रोजगार पंजीयन
7. संबधित काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
8. हैवी व्हीकल ड्राईविंग लाईसेंस (वाहन चालक पद हेतु)
9. मूल निवास प्रमाण पत्र
10. अन्य आवश्यक दस्तावेज।

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम........................................................

दिनांक:–

**–:: घोषणा पत्र ::–**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संवंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान...............................

दिनांक............................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम........................................................

पूर्ण पता................................................

*(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)*

सचिव
भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी
जिला जशपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner